**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## THE TRIBUNE

### 6 NEW COURSES AT JC BOSE VARSITY



**Faridabad:** Considering the high-market demand for qualified professionals, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has decided to introduce five undergraduate courses and one postgraduate one in these disciplines from the academic session 2021-22. The courses which have been introduced from the new academic session include B Tech robotics and artificial intelligence, BTech in environmental engineering, BSc in life sciences, BCom and BA (Hons.) in social work at UG level and MSc in animation and multimedia at the PG level, said Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar.

The Tribune Thu, 15 July 2021 https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## HINDUSTAN

नए शैक्षणिक सत्र में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक कर पाएंगे छात्र, रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ये पाठ्यक्रम

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में पांच नए स्नातक पाठ्यक्रम शुरू होंगे

**तैयारी**

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, पर्यावरण इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, सामाजिक कार्य, एनिमेशन और वाणिज्यिक क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021-22 से पांच नए स्नातक और एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी को शामिल किया हैं।




फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय। ● हिन्दुस्तान

## इन रोचक पाठ्यक्रमों को किया गया शामिल

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय इस वर्ष से दो बीटेक कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिसमें रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। आजकल मेन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की भारी मांग है। यह एक कौशल-उन्मुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। वहीं, पर्यावरण के लिए उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण शाखा के रूप में देखा जा रहा है। यह छात्रों को अपशिष्ट और जल प्रबंधन, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण के अलावा जरूरी नवीनीकरण ऊर्जा के उपायों जैसे पर्यावरणीय मुद्दों से परिचित करवाएगा।

विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों को लेकर दाखिला सूचना, पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और फीस इत्यादि की जानकारी के लिए विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

–प्रोफेसर दिनेश कुमार, कुलपति

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## THE PIONEER

# नये सत्र से जेसी बोस शुरू कर रहा है छह नए पाठ्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, पर्यावरण इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, सामाजिक कार्य, एनिमेशन और वाणिज्य के क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों के दृष्टिगत जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2021-22 से पांच नये स्नातक तथा एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक,



एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को करियर एवं रोजगार की दृष्टि से उच्च मांग के आधार पर शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय इस वर्ष से दो बीटेक कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिसमें रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल

### 60 सीटों से शुरू हो रहा पाठ्यक्रम

इंटेलिजेंस में बीटेक विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। आजकल मैन्युफैश्क्चरिंग और ऑटोमोबाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की भारी मांग है। यक एक कौशल-उन्मुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के नये अवसरों के लिए तैयार करना है। इसी तरह पर्यावरण के लिए उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण शाखा के रूप में देखा जा रहा है। यह छात्रों को अपशिष्ट और जल प्रबंधन, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, सीवेज निपटान के अलावा ग्लोबल वार्मिंग एवं सतत विकास के लिए जरूरी नवीनीकरण ऊर्जा के उपायों जैसे पर्यावरणीय मुद्दों से परिचित कराएगा। उन्होंने कहा कि दोनों ही पाठ्यक्रम 30-30 सीटों के साथ शुरू किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, विज्ञान और अनुसंधान में अपना करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए जीव विज्ञान में बीएससी का एक और विकल्प दिया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम 60 सीटों से शुरू हो रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग के अलावा, विश्वविद्यालय ने अन्य विषयों को लेकर भी विकल्प बढ़ाए हैं।

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## AMAR UJALA

# जेसी बोस में बीटेक सहित 6 नए कोर्स शुरू

**फरीदाबाद।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, पर्यावरण इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, सामाजिक कार्य, एनिमेशन और वाणिज्य के क्षेत्र में करियर अवसरों को देखते हुए जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) ने छह नए कोर्स शुरू किए हैं। इसमें पांच स्नातक स्तर के कोर्स और एक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शामिल है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बीकॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं। रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए यह कोर्स शुरू किए गए हैं। मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की भारी मांग है। पर्यावरण इंजीनियरिंग को इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण शाखा के रूप में देखा जा रहा है। यह छात्रों को अपशिष्ट और जल प्रबंधन, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, सीवेज निपटान के अलावा ग्लोबल वार्मिंग एवं सतत विकास के लिए जरूरी नवीनीकरण ऊर्जा के उपायों जैसे पर्यावरणीय मुद्दों से परिचित कराएगा।

### बीटेक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स व पर्यावरण इंजीनियरिंग की शुरुआत

दोनों ही पाठ्यक्रम 30-30 सीटों के साथ शुरू किए जा रहे हैं। इसके अलावा, विज्ञान और अनुसंधान में अपना करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए जीव विज्ञान में बीएससी का एक और विकल्प दिया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम 60 सीटों से शुरू हो रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग के अलावा, विश्वविद्यालय ने अन्य विषयों को लेकर भी विकल्प बढ़ाए हैं। इस वर्ष से विद्यार्थी बीकॉम व सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) जैसे पाठ्यक्रम पढ़ सकते हैं। दोनों पाठ्यक्रम 60 और 45 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है। साथ ही, एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में 20 सीटों के साथ एमएससी शुरू किया जा रहा है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## DAINIK BHASKAR

दैनिक भास्कर 15/7/21

# मिशन एडमिशन : नए शैक्षणिक सत्र से जेसी बोस विश्वविद्यालय शुरू कर रहा है छह नए पाठ्यक्रम

**फरीदाबाद|** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, पर्यावरण इंजीनियरिंग; जीव विज्ञान, सामाजिक कार्य, एनिमेशन और वाणिज्य के क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों के दृष्टिगत जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 से पांच नए स्नातक व एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे इन पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बीकॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं। कुलपति ने कहा इन पाठ्यक्रमों को करियर एवं रोजगार की दृष्टि से उच्च मांग के आधार पर शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय इस वर्ष से दो बीटेक कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसमें रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। आजकल मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की भारी मांग है। यह एक कौशल-उन्मुख कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करना है।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## DAINIK JAGRAN

# वाईएमसीए व आइआइएलएम विवि के बीच समझौता

जासं, फरीदाबाद : अकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय ने आइआइएलएम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के साथ अनुसंधान परियोजनाओं, प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों और परामर्श परियोजनाओं के संचालन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित कार्यक्रम में जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डा. एसके गर्ग और आइआइएलएम विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सुजाता शाही ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मैनेजमेंट स्टडीज के डीन प्रो. विक्रम सिंह और लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डा. रश्मि पोपली भी उपस्थित थीं। अकादमिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अपेक्षाकृत एक नया विश्वविद्यालय होने के बावजूद आइआइएलएम विश्वविद्यालय ने प्रौद्योगिकीय विकास के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में अकादमिक क्षेत्र में एक अच्छा प्रभाव छोड़ा है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन अध्ययन और लिबरल आर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। जेसी बोस विश्वविद्यालय भी प्रबंधन अध्ययन और लिबरल आर्ट्स पाठ्यक्रमों पर विशेष बल दे रहा है। ऐसे में यह अकादमिक सहभागिता दोनों विश्वविद्यालयों को परस्पर शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद करेगी। प्रो. सुजाता शाही ने आश्वासन दिया कि आइआइएलएम विश्वविद्यालय इस सहभागिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग देगा।

**NEWS CLIPPING: 15.07.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# वाईएमसीए शुरू कर रहा 6 नए कोर्स

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद** : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबॉटिक्स, पर्यावरण इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, सामाजिक कार्य, एनिमेशन और वाणिज्य के क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों को देखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, (वाईएमसीए) ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2021-22 से 5 नए स्नातक तथा 1 नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबॉटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, पर्यावरणीय विज्ञान इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को करियर एवं रोजगार की दृष्टि से उच्च मांग के आधार पर शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय इस वर्ष से दो बीटेक कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिसमें रोबॉटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर है। दोनों ही पाठ्यक्रम 30-30 सीटों के साथ शुरू किए जा रहे हैं।